# भारत-मिस्र संबंध

## प्रीलिम्स के लिये:

गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM), इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC), गणतंत्र दिवस

## मेन्स के लिये:

भारत और मिस्र के बीच संबंध

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर **मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सिसी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। यह पहली बार है जब मिस्र के किसी राष्ट्रपति को यह सम्मान दिया गया है।**

- **इस अवसर पर परेड में मिस्र की एक सैन्य टुकड़ी ने भी भाग लिया।**

**नोट:** मुख्य अतिथि के तौर पर **आमंत्रण महत्त्वपूर्ण सम्मान है, इसका प्रतीकात्मक महत्त्व बहुत अधिक है।** प्रत्येक वर्ष मुख्य अतिथि के रूप में नई दिल्ली की **पसंद कई कारणों- रणनीतिक और कूटनीतिक, व्यावसायिक हित तथा भू-राजनीति से तय होती है।**




//

## भारत-मिस्र संबंध:

- **इतिहास:**
  - विश्व की दो सबसे पुरानी सभ्यताओं, यथा- भारत और मिस्र के बीच संपर्क का इतिहास काफी पुराना है और **इसका पता सम्राट अशोक के समय से लगाया जा सकता है।**
    - अशोक के अभिलेखों में टॉलेमी-द्वितीय के तहत मिस्र के साथ उसके संबंधों का उल्लेख है।
  - आधुनिक काल में [महात्मा गांधी](#) और मिस्र के क्रांतिकारी **साद जगलुल** का साझा लक्ष्य ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से **स्वतंत्रता प्राप्त करना** था।
    - 18 अगस्त, 1947 को राजदूत स्तर पर राजनयिक संबंधों की स्थापना की संयुक्त रूप से घोषणा की गई थी।
  - **वर्ष 1955 में भारत और मिस्र ने एक मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किये।** वर्ष 1961 में भारत और मिस्र ने यूगोस्लाविया, इंडोनेशिया एवं घाना के साथ [गुटनिरपेक्ष आंदोलन](#) **(Non-Aligned Movement- NAM)** की स्थापना की।
  - वर्ष 2016 में भारत और मिस्र ने राजनीतिक-सुरक्षा सहयोग, आर्थिक जुड़ाव, वैज्ञानिक सहयोग तथा लोगों के बीच संबंधों के सिद्धांतों पर **एक नए युग के लिये नई साझेदारी बनाने के अपने इरादे को रेखांकित करते हुए एक संयुक्त घोषणापत्र जारी किया।**
- **वर्तमान परिदृश्य:**
  - इस वर्ष की बैठक के दौरान **भारत और मिस्र दोनों द्विपक्षीय संबंधों को "रणनीतिक साझेदारी" के रूप में बेहतर बनाने पर सहमत हुए।**
    - रणनीतिक साझेदारी के **मोटे तौर पर चार तत्त्व होंगे:** राजनीतिक; रक्षा और सुरक्षा, आर्थिक जुड़ाव, वैज्ञानिक तथा शैक्षणिक सहयोग, सांस्कृतिक एवं लोगों बीच संपर्क।
  - भारत एवं मिस्र ने [प्रसार भारती](#) और मिस्र के राष्ट्रीय मीडिया प्राधिकरण के बीच विषय-सामग्री विनिमय, क्षमता निर्माण तथा सह-निर्माण की सुविधा हेतु तीन वर्ष के लिये [समझौता ज्ञापन](#) **(Memorandum of Understanding -MoU)** पर हस्ताक्षर किये।
    - इस समझौते के तहत **दोनों प्रसारक** द्विपक्षीय आधार पर खेल, समाचार, संस्कृति, मनोरंजन **जैसी विभिन्न शैलियों के अपने कार्यक्रमों का आदान-प्रदान करेंगे।**
- **OIC में भागीदार:**
  - **भारत, मिस्र को मुस्लिम-बहुल देशों के बीच एक उदार इस्लामी देश के रूप में** और [इस्लामिक सहयोग संगठन](#) **(Organization for Islamic Cooperation -OIC)** में एक भागीदार के रूप में देखता है।
- **आतंकवाद और सुरक्षा:**
  - इस गणतंत्र दिवस की बैठक के दौरान भारत और मिस्र ने विश्व भर में **फैल रहे आतंकवाद** को लेकर चिंता व्यक्त की क्योंकि यह मानवता के लिये सबसे गंभीर खतरा है। नतीजतन, दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि [सीमा पार आतंकवाद](#) **को समाप्त करने के लिये ठोस**

**कार्रवाई की जानी आवश्यक है।**

- दोनों देश रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करने पर ज़ोर दे रहे हैं। इसके अलावा दोनों देशों की वायु सेनाओं ने **1960 के दशक में लड़ाकू विमानों के विकास पर सहयोग किया तथा भारतीय पायलटों ने 1960 के दशक से 1980** के दशक के मध्य तक मिस्र के समकक्ष पायलटों को प्रशिक्षित किया।
    - **भारतीय वायु सेना (Indian Air Force- IAF)** और मिस्र की वायु सेना दोनों ही फ्राँसीसी **राफेल लड़ाकू जेट** का उपयोग करते हैं।
- वर्ष 2022 में **दोनों देशों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किये** गए थे जिसमें अभ्यास में भाग लेने और प्रशिक्षण में सहयोग करने का भी फैसला किया गया है।
- भारतीय सेना और मिस्र की सेना के बीच पहला संयुक्त विशेष बल **अभ्यास, "अभ्यास चक्रवात- I" 14 जनवरी, 2023 से राजस्थान के जैसलमेर में चल रहा है।**

- **सांस्कृतिक संबंध:**
    - वर्ष 1992 में काहिरा में **मौलाना आज़ाद सेंटर फॉर इंडियन कल्चर (MACIC)** की स्थापना हुई। यह केंद्र दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देता रहा है।
- **मिस्र के समक्ष चुनौतियाँ:**
    - मिस्र की अर्थव्यवस्था पिछले कुछ वर्षों में महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण संकटपूर्ण रही है, जिसने मिस्र द्वारा रूस एवं यूक्रेन से आयात किये जाने वाले लगभग **80% खाद्यान्न की आपूर्ति और मिस्र के विदेशी मुद्रा भंडार को प्रभावित किया।**
        - वर्ष 2022 में **गेहूँ के निर्यात पर प्रतिबंध** के बावजूद भारत ने मिस्र को 61,500 मीट्रिक टन के शिपमेंट की अनुमति दी।
    - मिस्र द्वारा भारत से मेट्रो परियोजनाओं, **स्वेज़ नहर** आर्थिक क्षेत्र, स्वेज़ नहर में दूसरा चैनल और मिस्र में एक नई प्रशासनिक राजधानी सहित बुनियादी ढाँचे में निवेश हेतु सहयोग की मांग की जा रही है है।
        - **50 से अधिक भारतीय कंपनियों** ने मिस्र में 3.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है।
- **भू-सामरिक चिंताएँ:**
    - मिस्र के साथ चीन का द्विपक्षीय व्यापार वर्तमान में **15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जो वर्ष 2021-22 में भारत के 7.26 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना है।** पिछले आठ वर्षों के दौरान चीनी निवेश को लुभाने के लिये **मिस्र के राष्ट्रपति ने सात बार चीन की यात्रा की है।**
    - पश्चिम एशिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश मिस्र, **एक महत्त्वपूर्ण भू-रणनीतिक स्थान पर है** क्योंकि वैश्विक व्यापार का 12% स्वेज़ नहर से होकर गुज़रता है जो कि **मिस्र का महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है।**
        - यह **भारत के लिये एक प्रमुख बाज़ार है और यूरोप तथा अफ्रीका दोनों के लिये प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है।** हालाँकि इसके महत्त्वपूर्ण पश्चिम- एशियाई और अफ्रीकी देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते भी हैं जो **भारत के लिये चिंता का विषय है।**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. 1956 में स्वेज संकट किन घटनाओं के कारण हुआ? इसने विश्व शक्ति के रूप में ब्रिटेन की स्वयं की छवि को अंतिम झटका कैसे दिया? (2014)**

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-egypt-relations